बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या :पी॰आर॰ .... / 2026

डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) परीक्षा वर्ष, 2026 के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु अवधि विस्तारित किए जाने के संबंध में आवश्यक सूचना।

NCTE से मान्यता प्राप्त एवं तद्नुसार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या पी॰आर॰ 107/2026 द्वारा डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) के प्रशिक्षण सत्र 2025–27 (प्रथम वर्ष) एवं सत्र 2024–26 (द्वितीय वर्ष) के बाह्य विषयों के परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा शुल्क/आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 22.05.2026 तक निर्धारित थी।

2. विद्यार्थी हित में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की अवधि निम्नवत् विस्तारित की जाती है :–

01	बिना विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि	23.05.2026 से 26.05.2026 तक
02	विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि	27.05.2026 से 30.05.2026 तक

नोटः–विलम्ब शुल्क 175/– रूपये प्रति परीक्षार्थी देय है।

3. विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 107/2026 के क्रम में सूचित किया जाता है कि कतिपय संस्थान द्वारा जिन विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि तक ऑनलाइन जमा किया गया है, किन्तु परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है, ऐसे संबंधित संस्थान के प्राचार्य लंबित परीक्षा आवेदन उक्त विस्तारित अवधि में निश्चित रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. उक्त अवधि में लंबित परीक्षा शुल्क/आवेदन जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित विद्यार्थियों का मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। मूल प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाने के परिणामस्वरूप यदि विद्यार्थी हित के प्रतिकूल कोई परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित संस्थान के प्राचार्य की होगी।

विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 107/2026 के द्वारा दिए गए अन्य सभी निदेश यथावत् रहेंगे।

(हस्ताक्षर) 21/5/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के०वि०–II/ 251 /2026 पटना, दिनांक : 22/05/2026

प्रतिलिपिः 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित। उनसे यह भी अनुरोध है कि इस सूचना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए।

2. उप निदेशक आई॰टी॰ (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि विद्यार्थी, सम्बद्धता प्राप्त संस्थानों के प्राचार्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति को समिति के B.S.E.B. Mobile App पर भी डाल दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

Scanned with OKEN Scanner

3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. Project Manager, Antier Solutions Pvt. Ltd. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित के आलोक में निर्धारित किए गए समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।
5. शाखा प्रबंधक, HDFC Bank Limited, ग्राउंड और प्रथम तल, शिवहर सदन, पटना रेडियो स्टेशन के सामने, फेजर रोड, पटना तथा इंडियन बैंक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. वरीय प्रभारी पदाधिकारी भंडार (मा०), वित्त पदाधिकारी तथा मुख्य लेखा पदाधिकारी (मा0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. निदेशक, आई०टी०/परीक्षा नियंत्रक (मा०)/परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।
8. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

21/5/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

21/05/26

Scanned with OKEN Scanner